# संस्थापक संदेश





मनुष्य जीवन में बहुत से दान करता है। जिसमें शिक्षा दान एक उत्तम दान है। यदि हमारा समाज शिक्षित होगा तभी हम अपने आप को विकसित और उन्नतशील कह सकते है। अपनी इस कल्पना को साकार करने के लिए एल.पी.एस. मेडिकल कॉलेज आँवला बरेली का शुभारम्भ किया। इस आशा और विश्वास के साथ में आप सभी के सहयोग से अपने समाज के सभी बच्चों को इस योग्य बना सकूँ कि वे अपने माता-पिता के साथ-साथ हमारा व हमारे पूरे समाज का नाम रोशन कर देश-विदेश में अपनी पहचान बना सकें। इस पुनीत महायज्ञ में आप की एक-एक आहुति रूपी सहयोग से मेरे लक्ष्य और मेरी कल्पना को साकार करने का माध्यम बनेगा।

मेडिकल कॉलेज में छात्र/छात्राओं को व्यावसायिक व जीविकोपार्जन शिक्षा उपलब्ध सके इसके लिए मेडिकल कॉलेज का प्रबंधन दृष्ट संकल्पित है इस पुनीत कार्य में आप सभी का सहयोग पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी अपेक्षित है।

महाविद्यालय के नये सत्र में छात्र-छात्राओं अभिभावकों, जनपद के जनप्रतिनिधियों, नागरिकों, विश्वविद्यालय एवं उच्च शिक्षा के समस्त प्रतिनिधियों का मेडिकल कॉलेज में हार्दिक स्वागत है।

**लक्ष्मण प्रसाद लोधी**
संस्थापक
एल.पी.एस. मेडिकल कॉलेज, आँवला

**कमलेश देवी**
अध्यक्ष
एल.पी.एस. मेडिकल कॉलेज, आँवला





# सचिव संदेश

समय बीतने के साथ-साथ शिक्षा का स्वरूप भी बदलता जा रहा है। आज प्रत्येक व्यक्ति अपने बच्चे को अच्छी शिक्षा देना चाहता है सन् 2019 में सामाजिक जन कल्याण शिक्षा समिति लभारी आँवला की स्थापना हुई जिसके द्वारा सन् 2021 में एल.पी.एस. मेडिकल कॉलेज को सम्बुद्धता प्राप्त हुई व सन् 2023 में 100 बैड एल.पी.एस हॉस्पिटल का स्थाई रजिस्ट्रेशन मिला तब से कॉलेज लगातार समृद्धि की ओर अग्रसर है हमारा उद्देश्य समाज के युवाओं को जागरूक कर उन्हें शिक्षित एवं आत्मनिर्भर बनाना है। ताकि देश समाज और राष्ट्र की प्रगति में वह अपना योगदान दे सके इतिहास साक्षी है विश्व की प्रगति शिक्षा के बल पर चरम सीमा तक पहुँच सकी है।

यह हमारा निश्चय है कि छात्र-छात्राओं को उत्कर्ष शिक्षा प्रदान करे जो उन्हें आर्थिक रूप से सक्षम एवं स्वावलम्बी भारतीय नागरिक के रूप में सुसज्जित कर सके यह मेडिकल कॉलेज ऐसे ही उत्तम शैक्षणिक आधारभूत संरचना और सर्वश्रेष्ठ संकायों के द्वारा छात्र-छात्राओं को ज्ञानोपार्जन के साथ अनुशासन व चरित्र निर्माण में सहयोग प्रदान करेगा।

एल.पी.एस मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल में आपका हार्दिक स्वागत है।


**विवेक कुमार वर्मा**

**सचिव**

**एल.पी.एस मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल**

# एल.पी.एस मेडिकल कॉलेज का संक्षिप्त परिचय

बरेली जनपद की तहसील आँवला में आँवला-कुँवर गाँव बदायूँ रोड पर पुरैना बस स्टैंड से 1 किलोमीटर आगे स्थित है उच्च शिक्षा के क्षेत्र में नई पहचान देने वाला एल.पी.एस मेडिकल कॉलेज पनवड़िया आँवल बरेली के शान्त तथा प्राकृति सौन्दर्य से भरपूर सुरम्य वातावरण में स्थित है। कॉलेज के संस्थापक श्री लक्ष्मण प्रसाद फौजीदेश सेवक के साथ कुशल राजनीतिज्ञ भी है जिन्होने आर्मी में 16 साल देश की सेवा करने के बाद शिक्षा के क्षेत्र में भी अपनी सेवा प्रदान कर रहे है। जिन्होने सर्वप्रथम आर्मी से रिटायर्ड होने के बाद बाबा हरदेव सिंह इण्टर कॉलेज लभारी आँवला बरेली की स्थापना की जो वर्तमान में कक्षा 1 से 12 तक की यू.पी. बोर्ड से मान्यता प्रदान है। उसके बाद बच्चों को उच्च शिक्षा देने के लिए जवाहर लाल लोधी पी.जी. कॉलेज मदकरा जगन्नाथपुर आँवला बरेली की स्थापना की जिसमें वर्तमान में लगभग 3000 लड़के-लड़कियाँ शिक्षा गृहण कर रहे है। इसके उपरान्त पी.जी. कॉलेज के बराबर में ही एम.के.डी. इंग्लिश मीडियम स्कूल की स्थापना की जिसमें वर्तमान में लगभग 2000 लड़के-लड़कियाँ कक्षा 1 से 12 तक इंग्लिश मीडियम से शिक्षा गृहण कर रहे है। मेडिकल कॉलेज की स्थापना के पीछे निहित उद्देश्य जो छात्र-छात्राऐं मेडिकल कोर्स की शिक्षा गृहण करने के लिए घर से दूर नहीं जा पाते थे उन्हें उनके ही क्षेत्र में मेडिकल कोर्स की कम पैसो में अच्छी शिक्षा गृहण कराना था जिससे की किसी भी छात्र/छात्राओं का मेडिकल कोर्स करने के लिए उनका सपना अधूरा न रहें। इसी को ध्यान में रखते हुए मेडिकल कॉलेज में छात्र/छात्राओं को उत्तम व रोजगार परख शिक्षा देना हमारा सकल्प है मेडिकल कॉलेज प्रबन्ध समिति सभी क्षेत्रीय नागरिकों एवं अभिभावकों को आश्वस्त करती है कि मेडिकल कॉलेज छात्र/छात्राओं के उज्जवल भविष्य हेतु कृत संकल्प रहेगा।



## प्रवेश प्रक्रिया

विज्ञान संकाय में गणित समहू (B.Sc.) प्रवेश के लिए न्यूनतम योग्यता इण्टरमीडिएट (10+2) गणित विष्य से उत्तीर्ण हो जीव विज्ञान समूह (B.Sc.) में प्रवेश योग्यता इण्टरमीडिएट (10+2) जीव विज्ञान विषय से उत्तीर्ण हो B.Sc. Nursing, GNM, Optometry, X-Ray, D.Pharma, B.Pharma आदि कोर्स में प्रवेश लेने के लिए सम्बन्धित बोर्ड व विश्वविद्यालय के Entrance Exam Qualify करना अत्यन्त आवश्यक हो स्नातक कोर्स (BA, BSC) में प्रवेश के लिए M.J.P.R.U. द्वारा ऑनलाइन आवेदन आमन्त्रित करता है। तत्पश्चात विश्वविद्यालय द्वारा मैरिट बनाकर छात्र-छात्राओं को कॉलेज आवंटित किया जाता है। स्नाताकोत्तर (MA, M.Sc.) में प्रवेश के लिए विश्वविद्यालय द्वारा प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाती है। प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं की मैरिट के अनुसार काउंसलिंग कराकर उन्हें कॉलेज आंवटित किया जाता है।

कॉलेज में प्रवेश के समय छात्र-छात्राओं को निम्नलिखित मूल-प्रमाण पत्र साथ लाना अनिवार्य होंगे तथा इनकी छायाप्रतिया प्रवेश आवेदन-पत्र में सलंग्न करनी होगी।

1. हाई स्कूल अंक तालिका एवं प्रमाण-पत्र
2. इण्टरमीडिएट अंक तालिका एवं प्रमाण-पत्र
3. स्थानान्तरण प्रमाण-पत्र (टी.सी.)
4. चरित्र प्रमाण-पत्र (अन्तिम विद्यालय का हो)
5. जाति प्रमाण-पत्र
6. स्थाई निवास प्रमाण-पत्र
7. बैंक पासबुक की छायाप्रति
8. आय प्रमाण पत्र
9. आधार कार्ड

## प्रवेश नियम एवं अर्हतायें

1. विवरण पत्रिका (Prospectus) एवं प्रवेश आवेदन-पत्र कॉलेज से प्राप्त कर उन्हे पूर्ण रूप से भरकर कार्यालय में निर्धारित तिथि से पहले जमा करें।
2. आवेदन-पत्र में सभी प्रविष्टियाँ सही, स्वच्छ एवं स्पष्ट रूप से भरें।
3. समस्त प्रमाण पत्रों की छाया प्रतियों पर अभ्यार्थी पूर्ण हस्ताक्षर कर उन्हें आवेदन-पत्र के साथ अवश्य जमा करें।
4. यदि किसी अभ्यर्थी ने इण्टरमीडिएट परीक्षा एक-दो वर्ष पूर्व उत्तीर्ण की है एवं इण्टरमीडिएट स्थानान्तरण प्रमाण पत्र के आधार पर प्रवेश चाहता/चाहती है तो उन्हें शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा कि उन्होंने इण्टरमीडिएट परीक्षा के उपरान्त किसी भी संस्थागत छात्र/छात्रा के रूप में शिक्षा पाई है।
5. प्रवेश लेने वाले प्रवेशार्थी से यह आशा की जाती है कि आवेदन-पत्र की सभी प्रविष्टियाँ/सूचनाऐं सही भरें एवं सही प्रमाण पत्र संलग्न करें। यदि जाँच के दौरान या बाद में कोई भी सूचना गलत पाई जाती है, तो उसका प्रवेश निरस्त कर दिया जायेगा। प्रवेश आवेदन-पत्र में विषय का चयन सावधानीपूर्वक करें। विषय परिवर्तन की अनुमति नहीं दी जायेगी।
6. आवेदन-पत्र की प्राप्ति के बाद मेरिट की सूची सूचना पट्ट पर लगा दी जायेगी।
7. निर्धारित तिथि पर अभ्यर्थी को अपने समस्त मूल प्रमाण पत्रों के साथ कॉलेज में उपस्थित होना होगा। यदि अभ्यर्थी किसी कारणवश आने में असमर्थ है तो वह अपने अभिभावक को प्रवेश के समय भेज सकता/सकती है, अन्यथा प्रवेश नही मिल पाएगा।
8. यदि विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित स्वीकृत सीटों से अधिक आवेदन-पत्र प्राप्त होते हैं तो प्रवेश केवल मेरिट के आधार पर ही होंगे।
9. जमा किया गया शुल्क वापस नहीं किया जायेगा।
10. विश्वविद्यालय नियमानुसार परीक्षा में बैठने के लिए कम से कम 75 प्रतिशत उपस्थिति कम होने की दशा में विश्वविद्यालय परीक्षा से वंचित कर सकता है।
11. विश्वविद्यालय परीक्षा फार्म एवं नामांकन फार्म भरकर जमा करना छात्र/छात्रा की स्वयं की जिम्मेदारी है। छात्र/छात्राओं के परीक्षा फार्म की अन्तिम तिथि सूचना पट्ट पर अवश्य देखते रहना होगा।
12. मुख्य परीक्षा में बैठने के लिए छात्र/छात्राओं को अपेक्षित प्रवेश पत्र तब ही दिया जाएगा जब वे कॉलेज के सभी देय शुल्क का भुगतान एवं पुस्तकें, खेलकूद का सामान आदि कॉलेज में जमा कर देंगे, और अदेयता प्रमाण-पत्र (नो-ड्यूज फार्म) पर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के हस्ताक्षर कराकर कार्यालय में जमा कर देंगे।

## अनुशासन सम्बन्धी नियम

कॉलेज में समुचित अनुशासन बनाने के लिए अनुशासन समिति है जो छात्र/छात्राओं की प्रत्येक गतिविधि पर नजर रखती है। इसके अतिरिक्त कॉलेज में सी०सी०टी०वी कैमरे लगे हैं जो पूरे कॉलेज की गतिविधियों पर नजर रखते हैं।

1. समस्त छात्र/छात्रांए कॉलेज में पूर्णतः अनुशासन में रहते है और अनुशासन समिति द्वारा बताए गये सभी नियमों का पालन करते हैं।
2. यदि कोई विद्यार्थी अनुशासन हीनता करता है, तो उसके विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जाती है।
3. प्रत्येक छात्र/छात्रा को कॉलेज यूनिफार्म में आना अनिवार्य है।
4. प्रत्येक छात्र/छात्रा को अपना परिचय पत्र लाना अनिवार्य है।
5. कॉलेज में मद्यपान, धुम्रपान व गुटखा, पान चबाना, पूर्णता वर्जित है।
6. कॉलेज में छात्र/छात्राओं को किसी प्रकार का संघ बनाने की अनुमति नहीं है।
7. कॉलेज में किसी भी प्रकार की रैगिंग, धार्मिक, जातिगत, टिप्पणी करना पूर्णतः वर्जित है।
8. कॉलेज में मोबाईल फोन तथा कोई हथियार ले जाना प्रयोग करना प्रतिबंधित है।

# सामान्य नियम

### राष्ट्रीय सेवा योजना

महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं की शिक्षणेत्तर गतिविधियों में अभिरूचि जागृत करने तथा अप्रत्यक्ष रूप से समाज की सेवा करने के उद्देश्य से महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाइयों का गठन रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय द्वारा किया जाता है, जिनमें प्रति इकाई 100 छात्र-छात्राओं को सदस्य बनाया जाता है। तथा दस दिवसीय विशिष्ट शिविर का आयोजन किया जाता है।

### यूनिफार्म

महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं के लिए अनुशासन व व्यक्तिगत विकास हेतु यूनिफार्म/स्कूल ड्रेस का प्रावधान है। सभी छात्र/छात्राओ को नियमानुसार यूनीफार्म/स्कूल ड्रेस व आई कार्ड पहनना अनिवार्य है।

### उपस्थिति

सभी विद्यार्थियों के लिए विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है। 75 प्रतिशत से कम उपस्थिति होने पर विद्यार्थी को परीक्षा में बैठने से वंचित किया जा सकता है।

### परिचय पत्र

महाविद्यालय परिसर में प्रत्येक विद्यार्थी के पास परिचय पत्र होना अनिवार्य है। मांगे जाने पर दिखाना अनिवार्य है।

### वाहन

विद्यार्थी अपना वाहन निश्चित स्थान (वाहन स्टैण्ड) पर ही खड़े करें। वाहन अन्यत्र स्थान पर खड़े करना दण्डनीय अपराध है। वाहन में ताला लगाना अनिवार्य है। ताला न लगाने पर वाहन गायब होने का दायित्व विद्यार्थी का होगा।

### परीक्षा

विश्वविद्यालय परीक्षा से पूर्व महाविद्यालय में पूर्व परीक्षा करायी जाती है।

### परीक्षा काल में प्रत्येक छात्र/छात्रा द्वारा अनिवार्य रूप से पालनीय निर्देश

1. परीक्षा में नकल संज्ञेय अपराध है। नकल अध्यादेश के अर्न्तगत परीक्षार्थी को विश्वविद्यालय के द्वारा U.F.M. की कार्यवाही की जायेगी।
2. परीक्षा काल में मोबाईल/कैल्कुलेटर आदि परीक्षार्थी द्वारा लाया जाना पूर्ण प्रतिबंधित है। मोबाइल के साथ पकड़े जाने पर मोबाईल को नकल सामग्री मानकर रिपोर्ट कर दी जायेगी।
3. परीक्षा काल में परीक्षार्थी को जूता-मोजा पहनकर आना पूर्णत: प्रतिबंधित रहता है चप्पल, सैंडिल या स्लीपर आदि पहनकर आना अनिवार्य रहेगा।
4. छात्राओं के पर्स/बैग/ड्राइंग बॉक्स लेकर आना पूर्ण वर्जित है। पेन, पेन्सिल, रबर आदि पारदर्शी पैन बॉक्स में लाना अनिवार्य है।
5. परीक्षार्थी (छात्र/छात्रायें) पृथक-पृथक रूप से पंक्तिबद्ध होकर मुख्य द्वारा से अपने प्रवेश पत्र के साथ प्रवेश करेंगे तथा तलाशी देने के बाद ही महाविद्यालय परिसर में प्रवेश करेंगें। मुख्य द्वार के अतिरिक्त अन्यत्र कहीं से प्रवेश पूर्णत: वर्जित एवं दण्डनीय होगा।
6. परीक्षा से सम्बन्धित व्यक्तियों के अतिरिक्त किसी भी अन्य व्यक्ति का परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित होना पूर्णतया प्रतिबन्धित एवं वर्जित है।

# College Profile

| | | |
|---|---|---|
| Name of the University | : | M.J.P.R.U., Bareilly |
| | : | PCI Delhi, UPBTE, Lucknow |
| | : | UP State Medical Faculty, Lucknow |
| Name of College | : | L.P.S. Medical College |
| Address | : | Budaun Road, Near Dharam Raj Cold Storages, Aonla, Bareilly |
| Year of Establishment | : | 2021 |
| Mob. | : | 8979629409, 9528280158, 9756671096 |
| E-mail | : | lpsmedicalsciences2021@gmail.com |
| Website | : | www.lpsgroupsofinstitute.org |
| Type of College | : | Self Finance College |
| Category of Seat | : | Co-education |

## कॉलेज में संचालित पाठ्यक्रम का विवरण

| | | |
|---|---|---|
| B.A. | : | Hindi, English, Home Science, Drawing, Sociology, Political Science, Education |
| B.Sc. | : | Physics, Maths, Chemistry, Zoology, Botany |
| B.Com | : | All Subjects |
| M.A. | : | All Subjects |
| M.Sc. | : | All Subjects |

GNM, B.Sc. Nursing, X-Ray, Optometry, D.Pharma, B. Pharma